तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 7 अप्रैल 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 गर्मी में नीचे जा रहा जलस्तर, मापने के लिए पीएचई ने शुरू किया अभियान



*पाली। नगर पंचायत पाली अंतर्गत अटल चौक का सौन्दर्यीकरण कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश चंदा बंटू ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री के जयन्ती पर प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

### कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज में गिद्धों की हुई गणना

# जटगा के जंगल में उड़ान भर रहे 40 गिद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल अपने जैव विविधता के लिए जाना जाता है। जहां इस जंगल में विभिन्न वन्य प्राणियों का बसेरा है। वहीं कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज में गिद्ध पक्षी की गणना की गई है।

**खास बात**

- कंजर्वेशन एसोसिएट की टीम ने खोज निकाला
- पक्षी गणना के लिए टीम ने कटघोरा वन मंडल के जंगल का कर रही भ्रमण

जिसमें एक ही रेंज में लगभग 40 से अधिक गिद्धों का बसेरा पाया गया है। जो वन विभाग व वन प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है। देश में लगातार गिद्धों की संख्या कम होती जा रही है। ऐसे में कोरबा व कटघोरा के जंगल में गिद्धों की मौजूदगी से यह साफ दर्शाता है कि जंगल में आज भी इन प्राणियों के लिए बेहतर बसेरा बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वन मंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में साल, साजा, सागौन सहित विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधों की भरमार है। यही वजह है कि घने वन होने की वजह से जंगल में विलुप्त प्रजाति सहित अन्य वन्य प्राणियों का घरौंदा बना हुआ है और लगातार इनका कुनबा भी बढ़ते ही जा रहा है। कटघोरा मंडल के जटगा रेंज में बिलासपुर अचानकमार टाइगर रिजर्व से कंजर्वेशन एसोसिएट के अभिजीत शर्मा सहित उनकी टीम जटगा रेंज पहुंची। जहां कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देश पर जटगा रेंज में गिद्धों के कुनबे की तलाश की गई। जहां टीम के द्वारा जटगा रेंज में 40 से अधिक गिद्धों की मौजूदगी पाई है जो वन विभाग के लिए अच्छी खबर है। लगातार देश में गिद्धों की संख्या कम होती जा रही है, जो चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज में गिद्धों की मौजूदगी से साफ नजर आता है कि यह जंगल गिद्धों के रहने के लिए बेहतर साबित हो रहा है। यहां गिद्धों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है यहां जिस स्थान पर गिद्ध है वह चारों ओर पहाड़ों और घने जंगलों से घिरा हुआ है। इसी स्थान पर गिद्धों ने अपना कुनबा बना रखा है जो कई वर्षों से गिद्ध यहां अपना बसेरा बना हुआ है। वन विभाग के अधिकारी अब इस इलाके को और बेहतर करने की दिशा पर प्रयास कर रहे हैं। ताकि गिद्ध सहित अन्य वन्य प्राणियों को बेहतर रहवास मिल सके।



5 लाल घेरे में गिद्धों का समूह।



अचानकमार टाइगर रिजर्व से कंजर्वेशन एसोसिएट की टीम।




## सांड का आतंक, रास्ते से गुजर रहे वृद्ध को किया घायल



बीच सड़क में मंडराता सांड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में इन दिनों सांड बड़ी संख्या में देखे जा रहे हैं। आम रास्तों, मुख्यमार्गों से लेकर गली मोहल्लों में इनका जमघट सहज देखा जा सकता है। सांड एकाएक उग्र हो जाते हैं और लड़ने लग जाते हैं। इस दौरान

**खास बात**

- आम सड़कों, गलियों, मोहल्लों में बढ़ती संख्या चिंताजनक

यदि कोई सड़क पर आना जाना या अन्य गतिविधि करते हैं तो सांड उनके साथ कुछ भी घटना घटित कर देते हैं।

कुछ ऐसा ही मामला शनिवार की सुबह निहारिका मार्ग में देखी गई। जहां एक सांड बीच सड़क पर उत्पात मचा रहा था। इस दौरान एक वृद्ध उस रास्ते से गुजर रहा था जिसे सांड ने उठाकर पटक दिया। जिससे वृद्ध की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक समय था जब कुछ महीना पहले सड़क पर विचरण करने वाले मवेशियों खासकर सांडों को निगम अमला उठाकर ले जाता था लेकिन आयुक्त बदलने के बाद यह सब रुक गया है। राह चलते लोगों के लिए जहां यह सांड मुसीबत का कारण बन रहे हैं, वही सड़कों पर जुगाली करते बैठे या खड़े होकर विचरण करते मवेशियों के कारण छोटे-बड़े हादसे फिर से होने लगे हैं। समस्या बढ़ रही है किंतु निराकरण के लिए कोई ठोस पहल और कार्य नहीं हो रहे। सरकार बदलने के साथ ही गौठान योजना भी ठंडा बस्ता में चली गई है। मवेशी पहले भी सड़कों पर थे और अब भी सड़कों पर हैं,फिर इनका सरकार बदलने से क्या वास्ता, व्यवस्था नहीं बदलनी चाहिए।

## अलग-अलग हादसे में मासूम सहित दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग अलग हादसों में एक मासूम सहित दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है। पहली घटना मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत उरांवपारा निवासी सुनील लकड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराया कि सेमरा अम्बिकापुर से इसकी साली अमृता खलखो अपने दो बच्चे अंशदीप कुजूर उम्र 8 वर्ष एवं अव्यांश कुजूर उम्र 5 वर्ष को लेकर बस में सवार होकर इसके घर मेहमानी में आ रही थी, दोपहर लगभग 12.30 बजे घर के पास मेनरोड में बस रूकने पर अपने दोनों बच्चों को लेकर बस से नीचे उतरी बस निकल गई, वे लोग सड़क पार करने के लिए खड़े थे, उसी दौरान चोटिया की ओर से आ रही कार क्रमांक यूपी 65 ईई 0770 के चालक के द्वारा अपनी कार को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते अपने साईड में खड़े अंशदीप को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे अंशदीप के माथा, बांया हाथ में गंभीर चोट आया, जिसे उसी कार से ईलाज हेतु मोरगा सरकारी अस्पताल लेकर गये गंभीर चोट होने के कारण तत्काल पोंड़ी उपरोड़ा सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सक के द्वारा चेक करने पर मृत्यु होना बताया। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। इसी तरह दूसरी घटना कोरबी चौकी क्षेत्र का है। यहां निवासरत राजाराम आयम 32 वर्ष शुक्रवार की रात मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने ससुराल खडगांव जा रहा था कि बीच रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद डायल 112 की मदद से उसे स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान दोपहर को उसकी मौत हो गई।



## खबर संक्षेप

### शहर सहित सभी क्षेत्रों में दबदबा



**कोरबा।** जोगी कांग्रेस को जिले में पहचान दिलाने एवं स्थापित करने में पवन अग्रवाल की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। राजनितिक के क्षेत्र में लम्बे अरसे से यह चर्चा रही है कि जब भी पवन अग्रवाल को राजनितिक रूप से पहचान कायम करने का मौका मिला उसमें वे खरे साबित हुए हैं। उनके पिता रामसिंह अग्रवाल जब विधानसभा चुनाव लड़े थे तब उन्हें खासा वोट मिला था, तब पुरी चुनाव का कमान पवन अग्रवाल ने सभांल रखा था इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी उनका खासा दबदबा है।

### हरदीबाजार में निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का हुआ आयोजन



**हरदीबाजार।** बस स्टैंड हरदीबाजार में निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन श्रीराम मेडिकल स्टोर व जय मां पैथोलैब के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार की सुबह 11 बजे से देर शाम तक चला। शिविर में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. आरजी साहू के द्वारा खूनी बांदी बवासीर, भगंदर, फिशर, गुदा रोग, वात रोगी, चर्म रोग, लकवा, तिल, मस्सा, गुरु, साईटिका, एंडी दर्द, जोड़ों का दर्द, बीपी एवं शुगर की निःशुल्क जांच किया गया। शिविर में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल भी पहुंचे और उन्होंने बीपी चेकअप कराया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर का आयोजन व ग्रामीण क्षेत्र में एमडी डॉ श्री साहू, डां. शैलेन्द्र सिंह चर्मरोग विशेषज्ञ की उपस्थिति से उनके अनुभव का लाभ क्षेत्र के ग्रामीण ले रहे हैं साथ ही श्रीराम मेडिकल स्टोर के संचालक अमित कान्हा का भी सराहनीय पहल है। डॉ श्री साहू ने सुझाव दिया कि आज के समय में प्रत्येक इंसान की दिनचर्या बिगड़ी हुई है, चाहे खान-पान हो या सोना सभी को आज की स्थिति में सुबह जल्दी उठकर 3-5 किमी पैदल चलना चाहिए और अधिक से अधिक प्राकृतिक चीजें खाना चाहिए। शिविर में पाली जनपद के सभापति मुकेश जायसवाल, छोटेलाल पटेल, भुनेश्वर राठौर, मन्नू सांई राठौर, श्रवण यादव, निखिल राठौर, हीरालाल अहीर, चैतराम बघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### माता कर्मा सेवा समिति ने मनाया माता कर्मा जयंती



**कोरबा।** माता कर्मा सेवा समिति के तत्वावधान में माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन सुभाष चौक निहारिका में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा की तस्वीर पर पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान माता कर्मा की वेबसाइट का भी लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में गोपाल साहू पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष साहू संघ छग एवं जिला प्रभारी भाजपा, समिति के अध्यक्ष समिति प्रेमलाल साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा साहू, सचिव विनोद कुमार साहू, कोषाध्य शिव शंकर साहू, संरक्षक भाकुलाल साहू, गजानन प्रसाद साहू, गोरेलाल साहू, जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष गिरजा साहू, जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, श्रीमती योगेश्वरी साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारीलाल साह, बालराम साहू, राजेंद्र साहू, चक्रधर साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती सिद्धि साहू, पुष्पेंद्र साहू, छबिलाल साहू, रामकुमार साहू, भोजराम, गणेशाराम साहू, लोकनाथ साहू, एचडी साहू, नारायण प्रसाद साहू, श्रीमती सविता साहू, श्रीमती सरला साहू, दाताराम साहू, गिरीश कुमार साहू, श्रीमती नंदनी साहू, राजकुमार साहू, श्रेया साहूद्व प्रफुल्ल कुमार साहू, चितरंजन साहू, रुद्रशरण साहू, शिवकुमार साहू, शिव कुमारी साहू, रामलाल साहू, लीलाधर प्रसाद साहू, श्रीमती धनसाहू, पालूराम साहू, निर्मल कुमार साहू, श्रीमती चंद्र कांति साहू, यशवंत साहू सहि अन्य उपस्थित रहे।

## निकलेगी भव्य शोभायात्रा, झांकियां बनेंगी आकर्षण का केंद्र

# हिंदू नव वर्ष की तैयारियां जोरों पर भगवामय हुआ कटघोरा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

हिंदू नववर्ष के आगमन पर 9 अप्रैल को कटघोरा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। तैयारियों का दौर जारी है। हिंदू नववर्ष के आयोजन के लिए पूरे कटघोरा नगर को पूरा भगवामय तथा दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। हिंदू नव वर्ष को लेकर कटघोरा नगर में होने जा रहा यह आयोजन काफी भव्य होगा। इस बार देश के विभिन्न प्रांतो से मनमोहक एवं आकर्षक झकियां शोभायात्रा में सम्मिलित होगी जिसे कोरबा जिले के साथ साथ पूरे प्रदेश के लोग देखेंगे।



शहीद वीर नारायण चौक पर की गई सजावट।

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी हिंदू नव वर्ष की तैयारी बड़ी जोर-शोर से किया जा रहा है। चौक चौराहे को भगवा झंडे बैनर से सजाया जा रहा है। क्योंकि हिंदू नव वर्ष 9 अप्रैल को मनाया जा रहा है, परंतु हिंदू नव वर्ष के एक दिन पूर्व संध्या 8 तारीख के साय 4 बजे भव्य रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें अग्रसेन भवन से रैली होते हुए जय स्तंभ चौक, मेन रोड, बस स्टैंड,हॉस्पिटल चौक, नया बस स्टैंड होते हुए राधा सागर हनुमान मंदिर प्रांगण के पास रैली कार्यक्रम में विलीन हो जाएगी। इसके बाद 21 हजार दिए से राधा सागर तालाब जो 25 एकड़ में फैला हुआ है तालाब के चारों तरफ दिए से प्रज्वलित किया जाएगा। दीप प्रज्वलित के समय 21 शंख की आवाज की जावेगी। गंगा आरती के साथ तालाब के बीचों बीच फुलझड़ी की व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम के तृतीय चरण में झांकी एवं जीवंत झांकी राम भगवान का एक मंचीय कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।अग्रसेन भवन से हिंदू नव वर्ष रैली में लगभग 7 से 8 हजार श्रद्धालूगढ़ शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम पश्चात खिचड़ी वितरण व प्रसाद वितरण भी किया जावेगा।

**अनेकता में एकता की मिसाल**

कोरबा जिला के उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा नगर में होने जा रहे इस बड़े आयोजन की तैयारी को देखकर लोगों को ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जिस प्रकार वनवास के बाद भगवान राम के अयोध्या पहुंचने पर लोगों ने दिवाली मनाई थी। उसी प्रकार 9 अप्रैल हिंदू नव वर्ष को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम केआगमन को लेकर कटघोरा नगर में भव्य आयोजन हो रहा है। इस आयोजन को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। नव वर्ष को होने जा रहे इस आयोजन में सभी समाज के लोग शामिल होंगे। जिसमें जात-पात, राजनीति, छोटे-बड़े के भेद को भुलाकर समग्र हिंदुओं को एकजुटता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया गया है।

## मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली को नवाजा गया पुरस्कारों से



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ प्रांत की अष्टम कार्यकारणी की प्रथम प्रांतीय सभा उजियार का आयोजन रायपुर सेंट्रल शाखा के आतिथ्य में एस एन पैलेस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, राष्टीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सभा में मंच से संबधित विभिन्न विषयों पर मनन चिंतन किया गया। प्रांत में कार्यरत 76 शाखाओं को उनके सामाजिक कार्यों हेतु राष्ट्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इस कड़ी ने छत्तीसगढ़ प्रांत की सर्वश्रेष्ठ शाखा का पुरुस्कार दर्री जमनीपाली को शाखा के अध्यक्ष राकेश गोयल के नेतृत्व में प्राप्त हुआ। इसी के साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य का पुरुस्कार प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल, सर्वश्रेष्ठ सचिव सेम्पी अग्रवाल, श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल को प्रदान किया गया। साथ ही साथ दर्री जमनीपाली शाखा को अन्य विभिन्न सेवा कार्यों प्रकल्पों के लिए पुरुस्कृत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि दर्री जमनीपाली शाखा शुरू से सेवा कार्यों में प्रांत ही नही वरन राष्ट में भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर चुकी है। इस अवसर पर दर्री जमनीपाली शाखा की और से प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक अंजय अग्रवाल, शाखा सचिव सेम्पी अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरुण केडिया, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, सदस्य पारस अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल, सतीश अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पानी की समस्या से परेशान ग्रामीण गांव में बर्तन लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

शुक्रवार को एसईसीएल गेवरा एरिया से प्रभावित ग्राम अमगांव के ग्रामीणों ने पानी की भीषण समस्या से आक्रोशित होकर गांव में ही हड़िया बर्तन लेकर घंटों प्रदर्शन करते हुए एसईसीएल प्रबंधन से जल की विकराल समस्या से निदान करने की मांग की है और मांग पूरी नहीं होने पर एसईसीएल के मुख्य कार्यालय पर हड़िया बर्तन मटकी लेकर प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

एसईसीएल गेवरा दीपका के उत्पादन क्षमता पर्यावरण से स्वीकृति होने के बाद लगातार खदान का विस्तार किया जा रहा है और इन खदानों के वजह से क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों में जल की समस्या विकराल हो गई है जैसे-जैसे खदान का विस्तार व उत्पादन किया जा रहा है वैसे-वैसे जल का स्त्रोत खत्म हो गया है शुद्ध पेयजल व निस्तारी के लिए ग्रामीणों में भयंकर समस्या बनी हुई है। पानी की समस्या के निपटारे के लिए एसईसीएल के द्वारा प्रतिवर्ष लाखों करोड़ों का टेंडर किया जाता है, जो प्रभावित ग्रामों में शुद्ध पेयजल व निस्तारी मुहैया करने में असमर्थ होने के कारण ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल व निस्तारी की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्यापत है। एसईसीएल खदानों में हैवी ब्लास्टिंग व खनन कार्य कर अपने उत्पादन को महत्व दे रहे हैं। ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अमगांव ग्राम इकाई संयोजक अमृता यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अमगांव पंचायत को एसईसीएल गेवरा के द्वारा अर्जन किया गया है और गेवरा के ही द्वारा एसईसीएल दीपका को खनन कार्य के लिए दिया गया है। पानी की मांग को लेकर पिछले दिनों एसईसीएल गेवरा सभागार में प्रबंधन के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई थी, जिसमें प्रबंधन ने पानी की उत्तम व्यवस्था करने की बात कही थी, लेकिन अब अपने बातों से मूकर रहे हैं और कह रहे हैं कि अमगांव पंचायत को पानी दीपका प्रबंधन व्यवस्था करेगी। अब यहां यह समझ नहीं आ रहा है कि अर्जन करने वाला एरिया पानी देगा या खनन कार्य कर रहे है वो देगा उन्होंने कहा हर साल लाखों करोड़ों का शुद्ध पेयजल व निस्तारी के लिए टेंडर किया जाता है

## नशीली दावाओं का जखीरा बरामद, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में नशीली दवाओं के साथ आरोपी।

नशे का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। पड़ोसी जिले में रहने वाले दो युवक सहित तीन लोगों को पुलिस ने नशीली दवाओं के जखीरा के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 45 हजार 320 नग नशीली कैप्सूल और टैबलेट जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सजग अभियान चलाया जा रहा है और अवैध कारोबार करने वालों की धरपकड़ की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ युवक पड़ोसी जिले से नशीली टैबलेट का अवैध कारोबार कर रहे हैं, जिनकी धरपकड़ के लिए पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी व उरगा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार द्वारा आरोपियों के धरपकड़ के लिए पुलिस ने जाल बिछाया था। इस बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उरगा बरबसपुर बायपास रोड पर कुछ युवक अवैध नशीली टैबलेट लेकर रखकर बेचने के लिए घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंची और बरबसपुर निवासी बरबसपुर निवासी अमन सांडे 23 वर्ष पिता विनोद पांडे, खोकसा थाना नैला जांजगीर निवासी परमेश्वर केंवट उम्र 28 वर्ष पिता स्व. दाउराम एवं सारागांव जिला जांजगीर चांपा निवासी टंकेश्वर उर्फ टिंकू राठौर उम्र 27 वर्ष पिता स्व लल्ला राठौर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। आरोपियों के कब्जे से नशीली पदार्थ का जखीरा जप्त किया गया। पकड़े गए तीनों आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 45 हजार 320 नग नशीली कैप्सूल और टैबलेट जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**चार आरोपियों से 5 किलो गांजा जब्त**



उरगा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम संडैल के पास कुछ लोग गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पाते ही पुलिस की टीम ग्राम संडैल नहर पुल के पास घेराबंदी की और दो मोटर सायकल में सवार चार लोगों को पुलिस ने दर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों में शाहपुर थाना धरमजयगढ़ निवासी रूपलाल यादव उम्र 32 वर्ष पिता गंगाराम यादव, बरपाली निवासी अनिकेत प्रजापति उम्र 25 वर्ष पिता समारोहराम, बड़ेमुड़ा थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़ निवासी कमलेश अगरिया उम्र 27 वर्ष पिता समारोहराम एवं झासू दास उम्र 38 वर्ष पिता दशरथ दास को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत गिफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## पाली तानाखार की जनता कांग्रेस के मायाजाल में नहीं आएगीः लखनलाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली तानाखार विधानसभा कार्यकर्त्ता सम्मेलन को भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय, उद्योगव श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने संबोधित किया। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा की पाली तानाखार की जनता को कांग्रेस हर बार सिर्फ ठगने का ही काम करती है। आखिर कांग्रेस ने पाली तानाखार की जनता को क्या दिया? 5 साल में अच्छा अस्पताल नहीं बनवा सके, बेहतर शिक्षण संस्थान तक नहीं है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की केन्द्र की मोदी सरकार ने पांच साल में पाली को अच्छी सड़क दी। कांग्रेस ने पाली तानाखार की जनता को सिर्फ लूटने का काम किया है। सिर्फ शोषण करने का काम किया था। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कांग्रेस के झूठ मे पाली तानाखार की जनता नही आएगी। उन्होंने कहा कि देश भर में कांग्रेस को 2 से 4 सीट मिल गई तो देश में तो बडी बात होगी।

## बाहरी आदमी का नहीं, अपने सगा संगी का भरोसा करें : डॉ. महंत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा में आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सम्मेलन में डॉ.चरण दास महंत ने कहा कि रामपुर विधानसभा क्षेत्रवासियों का हमेशा से आशीर्वाद मिलता रहा है और यही आशीर्वाद आगे भी मिलते रहने की अपेक्षा है। पिछले चुनाव में 29 हजार वोटों से सांसद ज्योत्सना महंत को जिताया था और इस बार भी अधिक वोटों से जिताना है। उन्होंने कहा कि आप सबके दुःख-तकलीफ में साथ खड़ा रहा और आगे भी साथ रहूंगा। रामपुर विधानसभा में पिछली बार जब हमारा विधायक नहीं था, तब भी ज्योत्सना महंत हर गली, हर गांव में पहुंची। इस बार कांग्रेस का विधायक है तब भी ज्योत्सना महंत ने अपना संपर्क लगातार बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि बाहरी लोग क्षेत्र में घूम रहे हैं, बाहरी आदमी का भरोसा नहीं करना है, अपने आदमी एवं अपने सगा संगी, गंवईयां आदमी पर भरोसा कर जीताने के लिए सब मिलकर काम करें।

### पूनम को अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने दिया सम्मान

**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष व एसईसीएल परिवार की प्रथम महिला श्रीमती पूनम मिश्रा ने प्रसिद्ध अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के हाथों सम्मान ग्रहण किया है। समाज में कल्याणकारी कार्यों के लिए श्रद्धा महिला मण्डल को नारी शक्ति सम्मान दिया गया है। रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान किया गया। श्रद्धा महिला मंडल के अध्यक्ष द्वारा लगातार एसईसीएल प्रभावित ग्रामों में समाज सेवा के कार्य किए जाते रहे हैं। वृद्धा आश्रम से लेकर जिला चिकित्सालय तक महिला मंडल के द्वारा फल वितरण एवं वस्त्र वितरण जैसे कार्य किए गए हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में श्रद्धा महिला मंडल ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है।




*कोरबा। रमजान का महीना मुसलमानों के लिए इबादतों का महीना है। पूरे एक माह तक रोज़ा रखते हैं और अल्लाह की इबादत मे मशगूल हो जाते हैं। रामजानुल मुबारक का आखरी जुमा जिसे जुमातूल विदा भी कहा जाता है।

## कोरबा मार्केट















# CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES

EXCELLENCE IN TECHNICAL EDUCATION 2000 23 YEARS

B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES

## CGC DRONACHARYA GOURAV

## शिक्षक सम्मान समारोह @KORBA



"कोरबा जिले में आयोजित द्रोणाचार्य शिक्षक सम्मान में सम्मानित शिक्षक गण"

## 2024-25 ADMISSION OPEN

HIGHEST PACKAGE 12 LPA

AVERAGE PACKAGE 05 LPA



## COURSES OFFERED

**ENGINEERING UG B.TECH**
- CSE | EEE | CIVIL
- MECH. | ET&T
- AI & ML | AI & DS

**ENGINEERING PG M.TECH**
- CSE | PRODUCTION
- DIGITAL ELECTRONICS

**AYURVED**
- BAMS

**PHARMACY**
- D.PHARMA | B.PHARMA
- M.PHARMA | PH.D

**MANAGEMENT**
- BBA | MBA

**COMPUTER**
- BCA | PGDCA

**LAW**
- LLB | BA LLB | B.COM LLB

**ART**
- BA

**COMMERS**
- B.COM.
- B.COM (CA)

**SCIENCE**
- B.SC. (BIO-TECH.) | B.SC. (BIO)
- M.SC. (BOTANY, ZOOLOGY)

Scan QR Code for Online Registration

CHOUKSEY ENGINEERING COLLEGE | SCHOOL OF PHARMACY CHOUKSEY ENGINEERING COLLEGE | CHOUKSEY COLLEGE OF SCIENCE AND COMMERCE | CHOUKSEY COLLEGE OF PHARMACY | CHOUKSEY COLLEGE OF AYURVED RESEARCH CENTER & HOSPITAL BILASPUR | INSTITUTE OF PHARMACEUTICAL STUDIES

FOR MORE INFO 96850-45009

FOLLOW US ON

www.cecbilaspur.ac.in

Lal Khadan, Masturi Road, NH-49, Bilaspur

## खबर संक्षेप



### आमजन के लिए शुरू होगा अप्पू गार्डन का वेव्हपूल

**कोरबा।** निगम द्वारा सीएसईबी चौक के समीप स्थित विवेकानंद उद्यान-अप्पू गार्डन में स्थित वेव्ह पूल को 9 अप्रैल मंगलवार से आमजन के उपयोग हेतु खोल दिया जायेगा। वेव्हपूल सप्ताह में 3 दिन मंगलवार, शुक्रवार व रविवार को संचालित होगा तथा सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक केवल परिवार व महिलाओं के लिए एवं 11.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक पुरुषों के लिए खोला जाएगा। लोगों को कृत्रिम समुद्री लहरों का लुत्फ उठाने के लिए निगम द्वारा विवेकानंद उद्यान में वेव्ह पूल का संचालन वर्षों से किया जा रहा है। वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए 9 अप्रैल मंगलवार से पुनः वेव्हपूल का संचालन प्रारंभ हो जाएगा तथा सप्ताह में तीन दिन उक्त तिथि व समय पर संचालित होगा। वेव्हपूल के उपयोग हेतु शुल्क निर्धारित है तथा इस हेतु महिला व पुरुषों के लिए 75 रुपए एवं 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए 50 रुपये शुल्क रखा गया है।

### गौ वंशों के लिए रखे जा रहे पानी के पात्र



**कोरबा।** गौ सेवा गतिविधि की टीम कार्यों से प्रभावित होकर एके एस इन्फ्रा कंपनी के डायरेक्टर सुनील खरे गौवंशों के प्यास बुझाने सार्वजनिक जगहों पर पानी पात्र रखवा रहे हैं। इसी तारतम्य में झगरहा स्थित इन्जीनियरिंग महाविद्यालय के बाहरी परिसर में पानी पात्र रखवाये। जिला गौ सेवा संयोजक लालिमा जायसवाल ने बताया कि गांव के बहुत सारे गौवंश महाविद्यालय परिसर में विचरण करते रहते हैं।उनके चारा पानी हेतु पात्र की आवश्यकता पड़ती है। चूंकि इंजीनियरिंग महाविद्यालय परिसर में मेडिकल छात्रावास भी संचालित हैं, जहाँ मेस की बची सब्जी तरकारियाँ रोटियाँ गौवंशो की दी जाती है। पात्र में दिये जाने से परिसर में स्वच्छता का वातावरण निर्मित होगा। उक्त सेवा में सुनील खरे के साथ जिला संयोजक लालिमा जायसवाल, पुलिस कर्मी, शैलेंद्र अग्निहोत्री, राजेन्द्र गढ़ेवाल, कन्हैया यादव, शब्बीर आदि महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

### आदि शक्ति महिला मण्डल के द्वारा आयोजित कथा का हुआ विश्राम

**कोरबा।** जिले के सीतामणी रेलवे स्टेशन के सामने श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 30 मार्च से किया गया था। कथा का विश्राम शनिवार को किया गया। श्रीमद भागवत कथा में विभिन्न ज्ञान प्रेरणा झांकी के माध्यम से भक्तों को कालिकाल में मुक्ति का साधन श्रीमद भागवत के माध्यम से बताया गया। आयोजन शिव मंदिर के समीप आयोजित की गई थी। जहां प्रतिदिन की कथा व्यासपीठ से पंडित कृष्ण कुमार द्विवेदी स्वामी जगन्नाथ मंदिर दादरखुर्द वाले के द्वारा कथा का रसपान कराया गया। मुख्य आचार्य पण्डित रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी थे। सह आचार्य पण्डित प्रकाश द्विवेदी एवं मनोज कुमार पाण्डेय का सहयोग रहा।

### स्काउट गाइड्स द्वारा चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

**कोरबा।** जिले में मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु निरंतर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं स्काउट गाइड्स कैडर्स द्वारा शॉर्ट वीडियो, पोस्टर, नारा लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण, वाद-विवाद जैसे गतिविधियां आयोजित कर लोगों को मतदान की महत्ता की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरबा के स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत शॉर्ट वीडियो व पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

### बीते वर्ष बारिश कम होने से नीचे गिर गया है जलस्तर

# गर्मी में नीचे जा रहा जलस्तर, मापने के लिए पीएचई ने शुरू किया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी में घटते जलस्तर को मापने की तैयारी शुरू हो गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में जलस्तर को मापने के लिए अभियान चलाते हुए ड्राई क्षेत्र को इस मामले में पहले चिन्हांकित कर जलस्तर की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया जाएगा। जून माह तक जिले में घटते जलस्तर की रिपोर्ट सामने आएगी।

**खास बात**

- जून माह तक आएगी जलस्तर की वास्तविक रिपोर्ट

जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ संवेदनशील ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्तर की स्थिति गर्मी में दिनों में भयावह हो जाती है। इस वर्ष प्रदेश स्तर में जलस्तर मापने का अभियान चलाने के निर्देश राज्य शासन द्वारा दिए गए हैं। जिले में इस निर्देश पर अमल करते हुए पीएचई विभाग ने भी जलस्तर मापने की तैयारी शुरू की है इसके लिए विभाग द्वारा अभियान चलाते हुए टीम भी बनाई जाएगी। विभागीय अधिकारियों की मानें तो इस वर्ष बारिश कम होने से पहले से ही जलस्तर कम है और गर्मी अधिक पड़ने से यह और भी नीचे जाएगा। जलस्तर मापने का काम हालांकि विभाग द्वारा अपने विभागीय कार्य के तारतम्य में किया जाता है। इस वर्ष इसके लिए विशेष अभियान राजधानी स्तर से शुरू किया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने भी शासन के निर्देश पर अमल करते हुए विभागीय तकनीकी कर्मचारियों के द्वारा इस कार्य को कराया जाएगा। इसके लिए सबसे पहले उन क्षेत्रों का जलस्तर मापा जाएगा, जो ड्राई क्षेत्र में पहचाने जाते हैं। इसके लिए विभाग द्वारा हैंडपंप को पैमाने के तौर पर रखा गया है। जिन-जिन क्षेत्रों में हैंडपंप लगे हैं वहां से इस अभियान की शुरूआत की जाएगी।


फाइल फोटो

**ऐसे होगा मापने का कार्य**

विभाग के तकनीकी कर्मचारियों के द्वारा जलस्तर मापने के लिए हैंडपंप के पैमाने का उपयोग किया जाएगा। 30 मीटर तक हैंडपंप में पाईप लगे हैं और जब तक उक्त हैंडपंप से पानी आता रहेगा उस क्षेत्र का जलस्तर स्थिर माना जाएगा। अगर हैंडपंप से पानी आना बंद होगा तो विभाग की मापदंड की दृष्टि में उस क्षेत्र का जलस्तर 30 मीटर से नीचे माना जाएगा। यही मापदण्ड पीएचई विभाग के द्वारा जलस्तर मापने के लिए अपनाया जाता है, जिसके लिए सभी विकासखंड से उन हैंडपंपों की रिपोर्ट तैयार की जाती है जिनसे 30 मीटर तक की गहराई तक पानी आता रहता है।

**कटघोरा ड्राई एरिया**

विभागीय रिपोर्ट की मानें तो कटघोरा विकासखंड ड्राई क्षेत्र के रूप में पहचाना जाता है। एसईसीएल खदान से सर्वाधिक प्रभावित ब्लॉक होने के कारण पानी का जलस्तर पूरे जिले में कटघोरा क्षेत्र में ही सबसे नीचे जाता है। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार कटघोरा क्षेत्र में पानी का जलस्तर 100 से 150 मीटर नीचे जाता है। खदान क्षेत्र के आसपास की स्थिति जल संकट के मामले में संवेदनशील है। इसके अलावा कोरबी चोटिया का क्षेत्र भी खदान क्षेत्र प्रभावित होने के कारण यहां केवल बारिश के दिनों को छोड़कर शेष समय टैंकर से पानी की सप्लाई की जाती है। जलसंकट के मामले में धवईपुर, मोहनपुर भी आने लगा है, जबकि यह खदान क्षेत्र से दूर हैं।

**शुरू होगा जलस्तर मापने का कार्य**

ग्रामीण अंचलों में जलस्तर मापने का काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए हैंडपंप को पैमाना माना गया है। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कटघोरा का क्षेत्र जलस्तर के मामले में सबसे ज्यादा संवेदनशील है। यह ड्राई एरिया के रूप में पहचान बना दिया है। इसके अलावा पाली के कुछ क्षेत्र भी अब चिन्हिंत होने लगे हैं।

-**अनिल कुमार बच्चन,** कार्यपालन अभियंता, पीएचई

# खाने की तलाश में फिर पहुंचा दंतैल, दो मकानों को किया ध्वस्त


कापा नवापारा ग्राम के समीप सड़क पार करता हाथियों का झुंड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल में दंतैल हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। दंतैल हाथी तीसरे दिन फिर से खाने की तलाश में दो मकान को तोड़ दिया है और खाद्य पदार्थों को चट कर दिया है। हाथी आने की सूचना मिलते ही वन अमले की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह से देर रात तक दंतैल हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा गया। बताया जाता है कि पिछले तीन दिनों से यह हाथी लगातार क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वन मंडल के केंदई वन परिक्षेत्र के ग्राम परला में एक दंतैल हाथी अपने झुंड से अलग होकर देर रात खाने की तलाश करने पहुंचा था इस दौरान दंतैल हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। शुक्रवार की रात फिर से यह दंतैल हाथी ग्राम परला में पहुंच गया था और दो मकानों को ध्वस्त कर दिया है। देर रात को हाथी आने की सूचना मिलते ही केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक कुमार अपने दलबल सहित मौके पर पहुंचे और किसी तरह दंतैल हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। बताया जाता है कि यह दंतैल हाथी पिछले कई दिनों से लगातार क्षेत्र में विचरण कर रहा है और रात को खाने की तलाश में गांव पहुंचकर ग्रामीणों व उनके मकानों को ध्वस्त कर रहा है। वहीं दूसरी ओर पिछले कई दिनों से हाथियों को झुंड नेशनल हाईवे को पार करते देखा गया था, शुक्रवार को कुछ ऐसा ही नजर देखने को मिला था।

# ट्रांसफार्मर से छेड़छाड़, पाली बाजार मोहल्ले में 16 घंटे बाधित रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


वह ट्रांसफार्मर जहां हुई छेड़छाड़।

एक युवक ने पिछले दिनों गांव में लगे ट्रांसफार्मर में छेड़खानी कर दी थी जिसकी वजह से गांव के 115 घर में 16 घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई थी। विद्युत विभाग के अफसरों को जब इसकी भनक लगी तो ट्रांसफार्मर में छेड़खानी करने वाले युवक के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के सहायक अभियंता (उपसंभाग) पाली के द्वारा पाली थाना प्रभारी से लिखित शिकायत की गई है। शिकायत में आकाश ज्वेलर्स बाजार मोहल्ला के पास में लगे 315 केव्हीए के ट्रासंफार्मर से छेड़छाड़ कर ट्रांसफार्मर को खराब किया गया है। 4 अप्रैल को रात्रि लगभग 8.30 बजे नंदकुमार कौशिक के द्वारा छेड़छाड़ की गई है, जिससे उक्त ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे विद्युत कंपनी को लगभग 64 हजार रूपये की हानि हुई है। इसके अलावा बाजार मोहल्ला क्षेत्र के लगभग 115 घरों की विद्युत सप्लाई 16 घंटे बाधित रही। जिसके कारण जन आक्रोश का भी सामना करना पड़ा व तात्कालिक व्यवस्था बनाने हेतु उक्त ट्रांसफार्मर को बदलकर विद्युत सप्लाई बहाल की गई। इस मामले में नंदकुमार कौशिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग सहायक अभियन्ता (उपसंभाग) पाली से की गई है।

# कांग्रेस के न्याय पत्र में न्यायपालिका को धार्मिक आधार पर बांटने की कोशिश : नितिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


पत्रकारों से बातचीत करते केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन।

न्याय पत्र में कांग्रेस ने समाज को तोड़ने वाले कई वादे किए हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस ने हाल ही में मोदी सरकार द्वारा बनाए गए तीन कानून को रद्द करने, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को बनाए रखने और धार्मिक स्वतंत्रता के नाम पर कई तरह की छूट देने का संकेत अपनी घोषणा पत्र में दिए हैं, जिससे जिहाद जैसी घटनाएं बढ़ेंगी। उक्त बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी व बिहार राज्य सरकार के केबिनेट मंत्री नितिन नबीन ने कही।

**खास बात**

- हेट स्पीच के नाम पर हिंदुओं की स्वतंत्रता का दमन

पत्रकारों से बातचीत करते हुए केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री व प्रदेश प्रभारी श्री नबीन ने कहा कि कांग्रेस ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसे न्याय पत्र नाम दिया है। इस न्याय पत्र में कांग्रेस ने समाज को तोड़ने वाले वादे किए हैं। जिसमें स्कूल-कॉलेजों में बुर्का हिजाब को पहनने की अनुमति, भाषा और खानपान की स्वतंत्रता की बात कही गई है। इससे गौ हत्या, लव जिहाद और लव जिहाद जैसे सामाजिक तानाबाना को तोड़ने वाले कार्यों को बढ़ावा मिल सकता है। यहाँ तक हेट स्पीच के नाम हिंदुओं की स्वतंत्रता का दमन, मुस्लिम जजों की नियुक्ति करके न्यायपालिका को धार्मिक आधार पर बांटने की कोशिश और जाति जनगणना कराकर हिंदुओं को बांटने का संकेत दिया गया है। कांग्रेस का न्याय पत्र एक तरह से बहुसंख्यकों के लिए अन्याय पत्र है। श्री नबीन ने बताया कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में अल्पसंख्यकों के लिए 9 प्वॉइंट जारी किया है। श्री नबीन ने आगे कहा कि मुस्लिमों को लेकर कांग्रेस ने जो भी घोषणा की है उनमें से अधिकांश की माँग ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड करता रहा है। बोर्ड मुस्लिमों के कानून में किसी भी तरह के संशोधन या हस्तक्षेप का विरोध करता है। इस संस्था का कहना है कि मुस्लिमों का कानून शरिया यानि कि इस्लामी कानून एवं कुरान द्वारा संचालित हैं, इसलिए उसे बदला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सांप्रदायिक विवादों और हेट स्पीच को लेकर इसे और इसके प्रायोजकों की पहचान करने के नाम पर हिंदुओं और हिंदू संगठनों पर कार्रवाई का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यूपीए-II के दौरान एक कानून का मसौदा तैयार किया था, जिसमें दंगों के लिए बहुसंख्यक समुदायों को जिम्मेदार ठहराया गया था। कांग्रेस की तुष्टिकरण की सीमा कुछ ऐसी थी कि तत्कालीन सरकार में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को यहाँ तक कहना पड़ा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुस्लिमों का है। यह बयान कुछ ऐसा था, जो भारत के विभाजन से पहले मुहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग ने कहा था। मुस्लिम लीग कहती थी कि अंग्रेजों ने सत्ता मुस्लिमों से हासिल की है, इसलिए इसका हस्तांतरण भी मुस्लिमों को होना चाहिए।

# अमलीकुंडा में अज्ञात महिला की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 35 वर्षीय अज्ञात महिला की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला कौन है और उसकी मौत कैसे हुई है या अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस ने मृत महिला के शिनाख्ती में जुटी है और पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

मामला पसान थाना क्षेत्र के ग्राम आमलीकुंडा की है। गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक 35 वर्षीय महिला की लाश गांव में पड़ी हुई थी। लाश मिलने की सूचना पर पसान पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आसपास क्षेत्र में ग्रामीणों से महिला की शिनाख्ती का प्रयास किया गया लेकिन महिला का कुछ भी पता नहीं चल पाया।

# नर्सिंग की छात्रा ने जहर खाकर की आत्महत्या की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नर्सिंग की 31 वर्षीय छात्रा ने जहर सेवन कर आत्महत्या करने की कोशिश की है। परिजनों से उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया है। छात्रा ने अपने ही परिजनों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र के रामनगर की है। यहां निवासरत संतोष बंजारे की 23 वर्षीय पुत्री स्वाति बंजारे भिलाई में नर्सिंग की छात्रा है। जो पिछले कुछ महीनों से पढ़ाई छोड़कर घर वापस आ गई थी। बताया जाता है कि सुबह शनिवार को छात्रा के परिवार के सदस्यों से किसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ था। इस दौरान उसके परिजनों ने उसकी पिटाई की थी। जिसके बाद छात्रा ने अपने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब छात्रा की तबीयत बिगड़ी तो परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाउत कुजूर ने बताया कि छात्रा स्वाति बंजारे ने जहर सेवन कर आत्महत्या करने की कोशिश की है। उसने अपने परिजनों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।




# नहीं काम आ सकी ननकीराम की अनुशंसा सड़क के लिए जूझ रहे बगबुड़ा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


वह सड़क जिसकी ननकीराम ने की थी अनुशंसा।

कोरबा विकासखंड अंतर्गत आने वाले बगबुड़ा से आमापाली तिलकेजा पहुंच मार्ग के निर्माण को लेकर पूर्व विधायक ननकीराम कंवर द्वारा लोक निर्माण विभाग को लिखे गए अनुशंसा पत्र के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। विभागीय अधिकारियों के द्वारा पूर्व विधायक के पत्र एवं क्षेत्रीय जनता की अनदेखी की जा रही है।

रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बगबुड़ा से आमापाली (तिलकेजा) पहुँच मार्ग मरम्मत कराने बाबत श्री कंवर ने लिखा था कि मेरे विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम बगबुड़ा एवं आसपास के अन्य ग्रामवासियों द्वारा समक्ष भेंट कर अवगत कराया गया है कि ग्राम बगबुड़ा से आमापाली पहुँच मार्ग जो कि तिलकेजा भैसमा रोड़ को जोड़ती है। वह पहुँचमार्ग अत्यंत जर्जर हो गई है। जिसे ग्रामवासियों के द्वारा मरम्मत कराये जाने की मांग की गई है। जन हित में उक्त पहुँच मार्ग मरम्मत किये जाने हेतु अनुशंसा करता हूँ। अतएव आपसे अपेक्षा है कि ग्राम बगबुड़ा एवं आसपास के अन्य ग्रामवासियों के मांग अनुरूप जनहित में कोरबा विकासखण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बगबुड़ा से आमापाली (तिलकेजा) पहुंच मार्ग को शीघ्र मरम्मत कराने हेतु समुचित कार्यवाही कर अवगत कराएंगे।







